प्रपत्र- 4

# संयुक्त निरिक्षण रिपोर्ट

आज दिनांक 17.10.2016 को भारतीय स्टेट बैंक "प्रशासनिक कार्यालय के निर्माण हेतु हल्द्वानी वन प्रभाग के छकाता राजि के अन्तर्गत सुलताननगरी वन ब्लॉक में प्रस्तावित वन भूमि का संयुक्त निरिक्षण छकाता राजि/भारतीय स्टेट बैंक के निम्न अधिकारियों, कर्मचारियों व प्रतिनिधियों द्वारा किया गया।

प्रस्तावित वन भूमि काठगोदाम–चोरगलिया पी0डब्लू0डी0 मोटर मार्ग में स्थित लीसा डिपो के सम्मुख पूर्वी दिशा तथा आयकर विभाग के दक्षिण दिशा एवं केन्द्रीय सुरक्षा बल के उत्तरी सीमा से लगी हुई है तथा प्रस्तावित वन भूमि के पूर्वी दिशा में आरक्षित वन क्षेत्र रातीघाट बीट क0सं0 1अ स्थित है।

प्रस्तावित वन भूमि में कोई धार्मिक, ऐतिहासिक या ऐसा कोई सामाजिक स्थल स्थित नहीं है जिससे स्थानीय निवासियों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पडे।

प्रस्तावित भूमि के उत्तरी दिशा में स्थित बरसाती नाला जो प्रस्तावित वन भूमि के पूर्वी दिशा में स्थित रातीघाट क0सं0 1अ वन क्षेत्र से प्रारम्भ होकर गौला नदी में मिलता है उक्त नाले में आने वाले पानी के बहाव नियंत्रित करने हेतु नाले का उपचार किया जाना अति आवश्यक है। उक्त नाले के उपचार पर आने वाले व्यय का प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा वहन किया जायेगा।

प्रस्तावित वन भूमि विभिन्न प्रजाति के प्रभावित होने वाले वृक्षों की सूची संलग्न की जा रही है, जिनकी सं0 कुल 29 वृक्ष है तथा हस्तान्तरण हेतु वन भूमि का क्षेत्रफल 0.4020 है0 है।

**(सुशील गैरोला)**
**वन क्षेत्राधिकारी, छकाता रेंज**
**हल्द्वानी वन प्रभाग, हल्द्वानी**

**(राजीव देसवाल)**
**मुख्य प्रबंधक**
**भारतीय स्टेट बैंक**

**(बहादुर सिंह नवियाल)**
**सम्पर्क अधिकारी**
**भारतीय स्टेट बैंक**

**(जय प्रकाश पुण्डीर)**
**अनुभाग अधिकारी**
**सुलताननगरी, छकाता रेंज**

**(दलीप सिंह कार्की)**
**वन बीट अधिकारी**
**छकाता रेंज**

**(प्रदीप कुमार)**
**सहायक़ प्रबंधक**
**भारतीय स्टेट बैंक**

उप प्रभागीय वनाधिकारी (नन्धौर)
हल्द्वानी वन प्रभाग
हल्द्वानी.

प्रभागीय वनाधिकारी
हल्द्वानी वन प्रभाग, हल्द्वानी.